भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1187**
11 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषयः भारतीय कृषि में संरचनात्मक चुनौतियां**
**1187. श्री आदित्य यादवः**
क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि भारतीय कृषि खंडित भूमि जोतों, संसाधनों के असंतुलित उपयोग और पर्यावरणीय अवनयन सहित संरचनात्मक चुनौतियों से ग्रस्त हैं; और
(ख) यदि हां, तो इस बात को ध्यान में रखते हुए कि भारतीय कृषि देश की अर्थव्यवस्था का एक आधारभूत स्तंभ है, जो लगभग आधे कार्यबल को रोजगार देती है और देश के सकल घरेलु उत्पाद (जीडीपी) में 18 प्रतिशत का योगदान करती है, सरकार द्वारा उठाए जाने वाले सुधारात्मक कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) और (ख) भारत सरकार भारतीय कृषि में सुधार के लिए विभिन्न उपायों को कार्यान्वित कर रही है, जिसमें कृषि उत्पादकता बढ़ाना, संसाधन उपयोग दक्षता बढ़ाना, सतत कृषि को प्रोत्साहित करना और अवसंरचना को सुदृढ़ करना, किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना इत्यादि उद्देश्य से कई विकासपरक कार्यक्रम, योजनाएं, सुधार और नीतियां शामिल हैं। इनमें शामिल हैः

1. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम)
2. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ)-ऑयल पाम
3. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ)-तिलहन
4. राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन (एनएमएसए)
5. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ)
6. परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)
7. मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता (एसएचएंडएफ)
8. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आरएडी)
9. कृषि वानिकी
10. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी)
11. कृषि विस्तार उप-मिशन (एसएमएई)
12. बीज और रोपण सामग्री उप-मिशन (एसएमएसपी)
13. एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)
14. राष्ट्रीय बांस मिशन
15. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)
16. पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए जैविक मूल्य श्रृंखला विकास मिशन
17. पर ड्रॉप मोर क्रॉप (पीडीएमसी)
18. कृषि विपणन के लिए एकीकृत योजना (आईएसएएम)
19. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)

20. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई)
21. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)/पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)
22. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
23. संशोधित ब्याज छूट योजना (एमआईएसएस)
24. कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ)
25. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन
26. नमो ड्रोन दीदी
27. स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि निधि (एग्रीश्योर)
28. कृषि मशीनीकरण पर उप-मिशन (एसएमएएम)
29. डिजिटल कृषि मिशन

*****